प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 26.12.2024 समय : 01:00 पी.एम.

000000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीर बाल दिवस पर गुरु गोबिंद सिंह के साहिबजादों की अद्वितीय बहादुरी और बलिदान को नमन करते हुए कहा है कि आज भारत जिस सफल लोकतंत्र पर गर्व कर रहा है, उसकी नींव में साहिबजादो का बलिदान है। उन्होंने अपने साहस से पीढ़ियों को प्रेरित किया है। उन्होंने कहा कि ये बलिदान देश की अखंडता और विचारों से समझौता नहीं करने की सीख देता है और देश का संविधान भी हमे यही सिखाता है। आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने जनसमुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि वीर बाल दिवस पूरे राष्ट्र के लिए प्रेरणा का दिन है। इस मौके पर श्री मोदी ने सुपोषित ग्राम पंचायत अभियान का भी शुभारम्भ किया। इस अभियान का उद्देश्य पोषण संबंधी सेवाओं के कियान्वयन को मजबूत करना है। इससे पहले प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित विभिन्न राज्यों और कैन्द्र शासित प्रदेशों के बच्चों से संवाद किया। वीर बाल दिवस पर प्रदेशभर में विभिन्नन कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। मुख्य कार्यक्रम भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित किया गया। इसमें मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ भी उपस्थित रहे। इस मौके पर मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने गुरु गोबिंद सिंह जी के साहिबज़ादों को नमन किया। उन्होंने कहा कि साहिबज़ादों का सर्वोच्च बलिदान मातृभूमि और धर्म की रक्षा के लिए हम सभी को युगों–युगों तक प्रेरणा देता रहेगा। वीर बाल दिवस पर स्थानीय गुरुद्वारों में शबद कीर्तन, प्रभात फेरी, विशेष सभाएं, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं और बौद्धिक संगोष्ठियां आयोजित की जा रही हैं, जिनमें युवाओं को साहिबजादों के बलिदान की कहानी सुनाई जा रही है।

00000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज नई दिल्ली में 17 बच्चों को उनकी असाधारण उपलब्धियों के लिए सात श्रेणियों में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्रदान किए। चौदह राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के इन बच्चों को कला और संस्कृति, बहादुरी, नवाचार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, सामाजिक सेवा, खेल और पर्यावरण के क्षेत्र में उनकी उपलब्धियों के लिए यह सम्मान दिया गया। पुरस्कार पाने वाले बच्चों को बधाई देते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि उनका कार्य असाधारण और अचंभित करने वाला है। उन्होंने कहा कि पुरस्कार पाने वाले हर बच्चे की उपलब्धियां देश के नागरिकों को प्रेरित करेंगी। राष्ट्रपति मुर्मु ने सभी से आग्रह किया कि इन उपलब्धियों को व्यापक स्तर पर विभिन्न माध्यमों से नागरिकों के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए साझा करें।

00000

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी के उपलक्ष में आज प्रदेशभर में पंचायत समिति मुख्यालयों पर अटल जनसेवा शिविर लगाये जा रहे है। इन शिविरों के दौरान केंद्र और राज्य सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं से वंचित पात्र व्यक्तियों के आवेदन पत्र भरवाए जायेंगे। पाली में ब्लॉक स्तर पर ये शिविर लगाये गये है। जिला कलेक्टर एल एन मंत्री ने बताया कि हर महीने के दूसरे गुरुवार को आयोजित की जाने वाली उपखण्ड स्तरीय जन सुनवाई, प्रत्येक पंचायत समिति मुख्यालय पर अटल जन सेवा शिविर के रूप में आयोजित की जाएगी। जैसलमेर जिला कलक्टर प्रताप सिंह ने इस संबंध में संबंधित अधिकारियों को पत्र लिख कर सभी पंचायत समिति मुख्यालय पर ये शिविर आयोजित कराने और क्षेत्र में इसका व्यापक प्रचार प्रसार कराने के निर्देश दिए है। बालोतरा में भी ये शिविर लगाये जा रहे है।

00000

राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से वरिष्ठ अध्यापक भर्ती परीक्षा के लिए ऑनलाईन फॉर्म आज से भरे जायेंगे। ये फॉर्म 24 जनवरी रात 12 बजे तक भरे जा सकेंगे। आरपीएससी सचिव रामनिवास मेहता ने बताया कि आयोग ने वरिष्ठ अध्यापकों के दो हजार एक सौ 29 पदों के लिए वैकेंसी निकाली है। उन्होंने बताया कि केवल ऑनलाइन आवेदन ही स्वीकार होंगे। माध्यमिक शिक्षा विभाग में गणित, हिंदी, अंग्रेजी, विज्ञान संस्कृत, पंजाबी, उर्दू और सामाजिक विज्ञान विषयों के लिए ये वैकेंसी निकाली गई है। इधर आरपीएससी ने संस्कृत शिक्षा के वरिष्ठ अध्यापकों की 28 दिसम्बर से होने वाली परीक्षा में अभ्यर्थियों को गर्म कपड़े और जूते पहनने की अनुमति देकर राहत दी है। आयोग सचिव राम निवास मेहता ने बताया कि बढती शीतलहर और ठंड को देखते हुए आयोग ने यह निर्णय लिया है। प्रदेशभर में शनिवार से 31 दिसंबर तक चलने वाली इस परीक्षा में कुल 4 लाख 70 हजार अभ्यर्थी शामिल होंगे।

00000

जयपुर के भांकरोटा अग्निकांड में एक और घायल की मृत्यु के समाचार है। सवाई मानसिंह अस्पताल में भर्ती 60 फीसदी झुलसे लालाराम ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। इस दुखद घटना में अब तक 19 लोगों की जान जा चुकी है। फिलहाल 14 घायलों का इलाज जारी है।

00000

सवाईमाधोपुर के रणथंभौर दुर्ग और गणेश मंदिर जाने वाले पर्यटकों, दर्शनार्थियों और उनके वाहनों के लिए आज से गणेश धाम से प्रवेश खोल दिया गया है। मार्ग खोले जाने के बाद दर्शनार्थियों और पर्यटकों का प्रवेश तथा आवागमन शुरू हो गया है। गौरतलब है कि रविवार से बाघिन टी–84 एरोहेड और उसके दल के मूवमेन्ट के कारण वन विभाग ने एहतियातन यह प्रवेश बंद कर रखा था।

00000